दिन–शनिवार दिनांक– 01 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

खराब मौसम के कारण विभिन्न दलों का प्रचार अभियान प्रभावित हुआ है। लागातर हो रही बारिश के चलते कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सहरसा में होने वाली चुनावी सभा रद्द कर दी गयी है। इधर, खराब मौसम के कारण भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर पटना से अभी तक उड़ान नहीं भर सका है। श्री शाह का आज गोपालगंज, समस्तीपुर और वैशाली में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। दोपहर बाद भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सीवान और मुजफ्फरपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और सारण जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का भी मुजफ्फरपुर, सीवान, गोपालगंज, सारण और वैशाली जिले में कई जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि बिहार में हर जगह एनडीए की लहर है और राज्य में एनडीए की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए एकजुट है जबकि महागठबंधन पूरी तरह बिखरा हुआ है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में विश्वास व्यक्त किया कि बिहार में एनडीए सरकार बनाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन पर अपराधियों को शह और समर्थन देने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा ने कहा कि महागठबंधन को लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और राज्य में महागठबंधन की ही सरकार बनेगी।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा और नवादा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी कल ही पटना में रोड शो भी करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री का रोड शो पटना के राजेन्द्रनगर स्थित दिनकर गोलम्बर से नाला रोड, ठाकुरबारी रोड, बारी पथ और बाकरगंज होते हुये उद्योग भवन तक होगा। इस रोड शो के माध्यम से श्री मोदी पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों के एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे।

———————————————————

पटना के मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में घोसवरी थानाध्यक्ष मधुसुदन कुमार और भदौर थानाध्यक्ष रवि रंजन को निलंबित कर दिया गया है। पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में दोनों अधिकारियों को निलंबित किया गया है। एसपी ने बताया कि इस मामले में पैंतीस लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। इधर, दुलारचन्द यादव पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उनकी मौत फेफड़े फटने और आंतरिक रक्तस्राव के कारण हुई। उनकी रीढ़ की हड्डी टूटी हुई पाई गयी। साथ ही सिर, घुटने और टखने पर गहरी चोट पाई गयी। इसी के साथ उनके दाहिने पैर के पास गोली लगने के निशान भी पाये गये।

———————————————————

चक्रवाती तूफान मोन्था के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बलतारा में सबसे अधिक एक सौ सत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, मुंगेर के संग्रामपुर में एक सौ पचपन मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। कल से मौसम साफ रहने की सम्भावना है।

———————————————————

स्वर कोकिला और पद्म पुरस्कारों से सम्मानित शारदा सिन्हा की आज प्रथम पुण्यतिथि है। इस अवसर पर पटना के रविन्द्र भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीता राम सिंह, तृप्ति शाक्या और शारदा सिन्हा की पुत्री वंदना सिन्हा समेत कई प्रतिष्ठित कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।